collegebatch.com

**Series R1PQS/1** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **66/1/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं ।
Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यावसायिक अध्ययन

# BUSINESS STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं ।*

*(iii) उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए ।*

*(iv) **3** अंकों के प्रश्नों के उत्तर 50 से 75 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v) **4** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi) **6** अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii) प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक **1** का अंक है ।* *20×1=20*

**1.** कम्पनी को हानि से बाहर निकालने के लिए रवि कुमार ने संघर्षरत 'वोवा वॉच कम्पनी' में प्रबंध निदेशक के रूप में जनवरी 2020 में कार्यभार ग्रहण किया । जैसे ही उन्होंने कार्यभार संभाला, उन्होंने कम्पनी द्वारा अच्छा प्रदर्शन न करने का कारण ज्ञात करने की कोशिश की । उन्हें पता चला कि कर्मचारियों को निर्णय लेने में सम्मिलित नहीं किया जाता था तथा उन्हें केवल आदेशों का अनुपालन करना था, परिणामस्वरूप कर्मचारियों का मनोबल कम हो गया ।

परिवर्तन की आवश्यकता को पहचानते हुए रवि कुमार ने कर्मचारियों के उत्साह तथा अभिप्रेरणा को वापस लाने के लिए कार्य आरम्भ किया । उन्होंने खुले वार्तालाप को आरम्भ किया तथा उन्हें निर्णय लेने में सक्रिय रूप से सम्मिलित होने के लिए उत्साहित किया । पुराने डिज़ाइन तथा प्रभावहीन उत्पादन प्रक्रियाओं आदि से संबंधित कम्पनी की चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्होंने एक साथ कार्य योजनाएँ तैयार कीं ।

समय व्यतीत होने पर 'वोवा वॉच कम्पनी' एक संघर्षरत कम्पनी से लाभ अर्जित कम्पनी में परिवर्तित हो गई । रवि कुमार की नेतृत्व शैली की पहचान कीजिए :

(A) एकतंत्रीय नेतृत्व शैली (B) लोकतंत्रीय नेतृत्व शैली

(C) अबंध नेतृत्व शैली (D) (A) और (B) दोनों

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक तत्त्व 'सामाजिक पर्यावरण' का है ?

(A) बचत एवं निवेश दर

(B) कार्यबल से अपेक्षाएँ

(C) हमारे देश के विदेशों से संबंधों की प्रकृति

(D) सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र में नियोजित परिव्यय

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Answers should be brief and to the point.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **3** marks may be from 50 to 75 words.*

*(v)* *Answers to questions carrying **4** marks may be in about 150 words.*

*(vi)* *Answers to questions carrying **6** marks may be in about 200 words.*

*(vii)* *Attempt all parts of a question together.*

*Questions no. **1** to **20** are Multiple Choice Questions (MCQs), carrying **1** mark each.* *20×1=20*

**1.** For taking the company out of losses, Ravi Kumar took over as the Managing Director of the struggling 'Vova Watch Company' in January 2020. As soon as he joined, he tried to find out the reason for the company not doing well. He found that the employees were not involved in decision-making and they had to just follow orders, resulting in low morale of employees.

Recognising the need for change, Ravi Kumar started on a journey to bring back the enthusiasm and motivation of the employees. He initiated open dialogues and encouraged them to actively participate in decision-making. Together, they developed action plans to address the company's challenges regarding outdated designs and inefficient production processes etc.

As time passed, 'Vova Watch Company' transformed from a struggling enterprise to a profit making enterprise. Identify the leadership style of Ravi Kumar :

(A) Autocratic leadership style
(B) Democratic leadership style
(C) Free-rein leadership style
(D) Both (A) and (B)

**2.** Which of the following is an element of 'Social Environment' ?

(A) Rates of saving and investment
(B) Expectations from the workforce
(C) The nature of relationship of our country with foreign countries
(D) Planned outlay in public and private sectors

**3.** *कथन I :* अंतरण दूसरे को दायित्व तथा अधिकार देना तथा निष्पादन के लिए उत्तरदेयता का सृजन करना होता है ।

*कथन II :* अंतरण किए गए अधिकार की सीमा को ध्यान में रखे बिना प्रबंधक का दायित्व अंतरण से पूर्व जैसा ही होगा ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है ।

(B) कथन II सत्य है तथा कथन I असत्य है ।

(C) दोनों कथन सत्य हैं ।

(D) दोनों कथन असत्य हैं ।

**4.** ______________ का संदर्भ कार्य को सही ढंग से तथा न्यूनतम लागत से करना है ।

(A) प्रभावपूर्णता (B) समन्वयता

(C) प्रक्रिया (D) कुशलता

**5.** 'डोवेक्स' एक बड़ी कम्पनी है जिसका स्वास्थ्य सेवा उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम है, यह जीवन रक्षक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों के विकास तथा उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है । नैतिक व्यवहारों के लिए अत्यधिक प्रतिष्ठा के साथ 'डोवेक्स' ने बड़ी संख्या में निवेशक आकर्षित किए जिनकी कम्पनी के भविष्य में अत्यधिक आस्था थी । इसके परिणामस्वरूप जब भी विस्तार अथवा नई परियोजनाओं के लिए 'डोवेक्स' को बाज़ार से पूँजी एकत्रित करने की आवश्यकता हुई वह यह आसानी से कर पाई । परिणामस्वरूप, यह अंशधारकों को उच्च लाभांश का भुगतान कर सकी । उपर्युक्त में चर्चित लाभांश निर्णय को प्रभावित करने वाला कारक जिसके कारण 'डोवेक्स' अंशधारकों को उच्च लाभांश दे पाई है, वह है :

(A) रोकड़ प्रवाह स्थिति (B) शेयर बाज़ार प्रतिक्रिया

(C) कानूनी बाध्यताएँ (D) पूँजी बाज़ार तक पहुँच

**6.** "यह एक आजीविका उन्मुख प्रक्रिया है जिसको कर्मचारियों की परिपक्वता तथा संभावित योग्यताओं के वास्तविकीकरण की ओर उन्नति के लिए डिज़ाइन किया गया है ।" प्रक्रिया की पहचान कीजिए :

(A) नियुक्तिकरण (B) चयन

(C) विकास (D) प्रशिक्षण

collegebatch.com

**3.** *Statement I :* Delegation is the entrustment of responsibility and authority to another, and the creation of accountability for performance.

*Statement II :* Irrespective of the extent of delegated authority, the manager shall still be accountable to the same extent as before delegation.

Choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement II is true and Statement I is false.

(C) Both the Statements are true.

(D) Both the Statements are false.

**4.** ____________ refers to doing the task correctly and with minimum cost.

(A) Effectiveness (B) Coordination

(C) Process (D) Efficiency

**5.** 'Dovex' was a large company with a renowned name in healthcare industry, specialising in the development and production of life saving medications and medical devices. With a strong reputation for ethical practices, 'Dovex' attracted a large number of investors who had great faith in the company's future. This allowed 'Dovex' to raise capital easily from the market whenever expansion or new projects were to be undertaken. As a result, it could pay high dividends to the shareholders. The factor affecting dividend decision discussed above, which allowed 'Dovex' to pay high dividends to the shareholders is :

(A) Cash flow position (B) Stock market reaction

(C) Legal constraints (D) Access to capital market

**6.** "It is a career oriented process designed to help the employees in the progress towards maturity and actualization of their potential capabilities." Identify the process :

(A) Staffing (B) Selection

(C) Development (D) Training

collegebatch.com

**7.** 'एस के बिल्डर्स' डिज़ाइनर हाउस खण्ड के बाज़ार अग्रणी बन गए क्योंकि इसने सर्वप्रथम घरों को डिज़ाइन करने के लिए प्रौद्योगिकीय उन्नति के परिवर्तनशील पर्यावरण में कृत्रिम बुद्धि के उपयोग की आवश्यकता का अनुभव किया । यह व्यावसायिक पर्यावरण के महत्त्व के निम्नलिखित बिन्दु पर प्रकाश डाल रहा है :

(A) यह ख़तरों की पहचान करने तथा समय से पहले चेतावनी देने में सहायक है ।

(B) यह फर्म को संभावनाओं/अवसरों की पहचान करने एवं पहल करने के लाभ के योग्य बनाता है ।

(C) यह उपयोगी संसाधनों का दोहन करने में उपयोगी है ।

(D) यह निष्पादन सुधार में सहायता करता है ।

**8.** ____________ बाज़ार में मूल्यों का निर्धारण तथा निर्णयन कम्पनी के प्रबंधन द्वारा किया जाता है ।

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) मुद्रा (D) शेयर

**9.** एक व्यवसाय की कोष आवश्यकताओं का अनुमान लगाने तथा कोष के स्रोतों को निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया कहलाती है :

(A) पूँजी संरचना (B) वित्तीय नियोजन

(C) वित्तीय प्रबंध (D) पूँजीगत बजटिंग (पूँजी बजटिंग निर्णय)

**10.** *कथन I :* एक वित्तीय बाज़ार बचतों को बचत करने वालों से निवेशकों को हस्तांतरित करने में सुविधा प्रदान करता है ।

*कथन II :* यह बचत करने वालों को विभिन्न निवेशों के विकल्प प्रदान करता है तथा अतिरिक्त कोषों को सर्वोत्तम उत्पादनकारी उपयोग के लिए दिशा देता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है ।

(B) कथन II सत्य है तथा कथन I असत्य है ।

(C) दोनों कथन सत्य हैं ।

(D) दोनों कथन असत्य हैं ।

**11.** निम्नलिखित में से शेयर बाज़ार कार्यों से संबंधित ***ग़लत*** कथन का चयन कीजिए :

(A) नई प्रतिभूतियों को तरलता तथा विक्रेयता प्रदान करता है

(B) लेनदेनों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है

(C) आर्थिक विकास में योगदान देता है

(D) सट्टे के लिए अवसर प्रदान करता है

collegebatch.com

**7.** 'SK Builders' became the market leader in the designer house segment as it was the first to recognize the need of using Artificial Intelligence in designing houses in the changing environment of technological advancement. This highlights the following point of importance of business environment :

(A) It helps to identify threats and early warning signals.

(B) It enables the firm to identify opportunities and getting the first mover advantage.

(C) It helps in tapping useful resources.

(D) It helps in improving performance.

**8.** In the ____________ market, prices are determined and decided by the management of the company.

(A) Primary (B) Secondary

(C) Money (D) Stock

**9.** The process of estimating fund requirements of a business and specifying the sources of funds is called :

(A) Capital structure (B) Financial planning

(C) Financial management (D) Capital budgeting

**10.** *Statement I :* A financial market facilitates the transfer of savings from savers to investors.

*Statement II :* It gives savers the choice of different investments and helps to channelise surplus funds into the most productive use.

Choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement II is true and Statement I is false.

(C) Both the Statements are true.

(D) Both the Statements are false.

**11.** Choose the ***incorrect*** statement from the following about functions of a Stock Exchange :

(A) Provides liquidity and marketability to new securities

(B) Ensures safety of transactions

(C) Contributes to economic growth

(D) Provides scope for speculation

collegebatch.com

**12.** ऑनलाइन फुटकर विक्रेता 'बिज़न' ई-कॉमर्स के क्षेत्र में विश्व के सबसे बड़े प्रदाता के रूप में आगे बढ़ा है । इसके आगम वर्ष दर वर्ष लगातार बढ़ रहे हैं । यह इसकी सफलता का श्रेय डिजिटाइज़ेशन की तेज़ गति तथा इसकी संगठनात्मक संरचना को देता है । 'बिज़न' का प्रबंध निदेशक, मोहित रणनीतिगत निर्णय लेता है तथा पूरे संगठन पर उसका नियन्त्रण है । 'बिज़न' में एक प्रकार की प्रकृति के कार्यों को मानव संसाधन विभाग, विपणन विभाग, क्रय विभाग तथा शोध एवं विकास विभाग के समूहों में एक साथ रखा जाता है । इन विभागों को आगे अनुभागों में बाँटा जाता है तथा सभी विभागीय प्रमुख मोहित को रिपोर्ट करते हैं जो समन्वय प्रमुख हैं । यह मानव संसाधन के उपयोग में कार्यकुशलता सुनिश्चित करता है तथा प्रयासों की पुनरावृत्ति को न्यूनतम करता है । 'बिज़न' के संगठनात्मक ढाँचे का प्रकार है :

(A) अनौपचारिक संगठनात्मक ढाँचा

(B) प्रभागीय संगठनात्मक ढाँचा

(C) कार्यात्मक संगठनात्मक ढाँचा

(D) (B) तथा (C) दोनों

**13.** कॉलम I में दी गई मदों का कॉलम II में दिए गए उनके अर्थों से मिलान कीजिए :

| *कॉलम I* | *कॉलम II* |
|---|---|
| 1. अनुस्थापन | (i) चयनित कर्मचारियों का अन्य कर्मचारियों से परिचय कराना तथा उन्हें संगठन के नियमों तथा नीतियों से अवगत कराना |
| 2. भर्ती | (ii) इसका संदर्भ कर्मचारी द्वारा उस स्थान अथवा पद को ग्रहण करना है जिसके लिए उसका चयन हुआ है |
| 3. अभिविन्यास | (iii) पूर्व-निर्धारित मानकों से कर्मचारी के वर्तमान तथा/अथवा भूतकाल के निष्पादन का मूल्यांकन करना |
| 4. निष्पादन मूल्यांकन | (iv) संभावित कर्मचारियों को ढूँढ़ने तथा उन्हें संगठन के पदों पर आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने की प्रक्रिया |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)

(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)

(C) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)

(D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

collegebatch.com

**12.** Online retailer 'Bizen' has grown to be the biggest provider worldwide in the field of e-commerce. Its revenues are growing steadily year after year. It owes its success to the rapid rate of digitisation and its organisational structure. 'Bizen's Managing Director, Mohit makes strategic decisions and has control over the entire organisation. In 'Bizen', jobs of similar nature are grouped together into Human Resource Department, Marketing Department, Purchase Department and Research and Development Department. These departments are further divided into sections and all departmental heads report to Mohit who is the co-ordinating head. This ensures efficiency in the utilization of manpower and minimizes duplication of efforts. The type of organizational structure of 'Bizen' is :

(A) Informal organisational structure
(B) Divisional organisational structure
(C) Functional organisational structure
(D) Both (B) and (C)

**13.** Match the terms given in Column I with their meanings in Column II :

| *Column I* | | *Column II* | |
|---|---|---|---|
| 1. | Placement | (i) | Introducing the selected employee to other employees and familiarising him with the rules and policies of the organisation |
| 2. | Recruitment | (ii) | It refers to the employee occupying the position or post for which he/she has been selected |
| 3. | Orientation | (iii) | Evaluating an employee's current and/or past performance as against certain predetermined standards |
| 4. | Performance Appraisal | (iv) | The process of searching for prospective employees and stimulating them to apply for jobs in the organization |

Choose the correct option from the following :

(A) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)
(B) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)
(C) 1-(ii), 2-(iv), 3-(i), 4-(iii)
(D) 1-(ii), 2-(i), 3-(iv), 4-(iii)

**14.** योजनाएँ एक विशिष्ट कालावधि के लिए तैयार की जाती हैं जैसे कि एक माह, तिमाही या एक वर्ष । इस अवधि के समाप्त होने के पश्चात नई आवश्यकताओं तथा भविष्य की परिस्थितियों के अनुसार नई योजना तैयार करने की आवश्यकता होती है । उपर्युक्त पंक्तियों में संदर्भित नियोजन की विशेषता है :

(A) नियोजन भविष्यवादी है
(B) नियोजन अविरत है
(C) नियोजन सर्वव्यापी है
(D) नियोजन एक मानसिक अभ्यास है

**15.** विपणन प्रबंध का वह दर्शन जो उपलब्धता तथा सामर्थ्यता को उद्देश्य प्राप्ति के तरीके के रूप में प्रयोग करता है, है :

(A) विपणन की अवधारणा
(B) विक्रय की अवधारणा
(C) उत्पाद की अवधारणा
(D) उत्पादन की अवधारणा

**16.** 'मेहता संस गारमेंट्स' द्वारा अपने विक्रय को बढ़ाने के लिए उपयोग किए गए संवर्धन के तरीके की पहचान कीजिए :

(A) विज्ञापन
(B) व्यक्तिगत विक्रय
(C) विक्रय संवर्धन
(D) जन-संपर्क

मेहता संस गारमेंट्स



**14.** Plans are prepared for a specific period of time, may be for a month, a quarter or a year. At the end of that period, there is a need for a new plan to be drawn on the basis of new requirements and future conditions. The feature of planning reflected in the above lines is :

(A) Planning is futuristic
(B) Planning is continuous
(C) Planning is pervasive
(D) Planning is a mental exercise

**15.** The marketing management philosophy which uses availability and affordability as a means to achieve the objectives is :

(A) Marketing concept
(B) Selling concept
(C) Product concept
(D) Production concept

**16.** Identify the tool of promotion used by 'Mehta Sons Garments' to boost its sales :

(A) Advertising
(B) Personal selling
(C) Sales promotion
(D) Public relations



collegebatch.com

**17.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) तथा कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* बहुत सी प्रबुद्ध व्यावसायिक फर्मों ने अपने उपभोक्ता सेवा तथा शिकायत केन्द्रों की स्थापना की है ।

*कारण (R) :* उपभोक्ता को एक वस्तु एवं सेवा से असंतुष्ट होने की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने तथा सुनवाई का अधिकार है ।

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है ।

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'भौतिक वितरण' का एक घटक ***नहीं*** है ?

(A) इंवेंट्री नियन्त्रण  (B) मानकीकरण तथा ग्रेड तय करना

(C) आदेश प्रक्रियण  (D) परिवहन

**19.** बीनू का साबाद में 'बुक-मार्क' नाम से एक बुक स्टोर था । वर्षों तक बुक स्टोर यथोचित अच्छा व्यवसाय कर रहा था परन्तु डिजिटल पुस्तकों तथा ऑनलाइन फुटकर विक्रेताओं के उदय के कारण उसके विक्रय में कमी आ गई । बीनू की बेटी, जिसने हाल ही में विपणन में विशिष्टता के साथ एम.बी.ए. पूरी की है, ने बुक स्टोर के पुनर्जीवन के लिए एक विपणन अभियान शुरू करने का निर्णय लिया । अभियान का केन्द्र-बिन्दु भौतिक रूप में पुस्तक पठन से आनंद प्राप्त करना, पृष्ठों को पलटने का आनंद तथा बुक स्टोर का उष्ण वातावरण था । प्रत्येक सप्ताहांत में उसने कहानी कहना तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया । इसकी सूचना अभिभावकों तथा बच्चों को टेलीविज़न, रेडियो, बच्चों की पत्रिकाओं, आदि के माध्यम से दी गई । जीतने वालों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए । इससे बच्चों तथा उनके अभिभावकों की बुक स्टोर में आने की संख्या में वृद्धि हुई तथा बहुत जल्द ही बुक स्टोर लोकप्रिय हो गया ।

बीनू की बेटी के द्वारा बुक स्टोर के पुनर्जीवन के लिए उपयोग किया गया संप्रेषण का तरीका था :

(A) विज्ञापन  (B) व्यक्तिगत विक्रय

(C) विक्रय संवर्धन  (D) जन-संपर्क

collegebatch.com

**17.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct alternative from the options given below :

*Assertion (A) :* Many enlightened business firms have set up their own consumer service and grievance cells.

*Reason (R) :* The consumer has a right to file a complaint and to be heard in case of dissatisfaction with a good or service.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**18.** Which of the following is ***not*** a component of 'Physical Distribution' ?

(A) Inventory control
(B) Standardisation and grading
(C) Order processing
(D) Transportation

**19.** Beenu had a bookstore in Sabad called 'Book-mark'. For years, the bookstore was doing reasonably well but with the rise of digital books and online retailers, her sales had declined. Beenu's daughter, who had just completed her MBA with a specialisation in marketing decided to launch a marketing campaign to revive the bookstore. The campaign's focus was on the joy of reading books in physical form, the joy of turning pages and the warm atmosphere of the bookstore. She organised story writing and other competitions every weekend. The information of these was given to the parents and children through television, radio, children's magazines, etc. Attractive prizes were offered to the winners. This increased the footfall of the children and their parents and the bookstore soon became popular.

The tool of communication used by Beenu's daughter to revive the bookstore was :

(A) Advertising
(B) Personal selling
(C) Sales promotion
(D) Public relations

collegebatch.com

**20.** 'बेस्ट इलेक्ट्रॉनिक्स' का नेतृत्व इसके स्वप्नदर्शी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निखिल करते हैं । यह गुणवत्ता वाले उत्पादों तथा ग्राहक सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित है । निखिल ने ग्राहकों को निरंतर अभिप्रेरित करने तथा उन्हें नवीनतम उत्पाद प्रदान करने की आवश्यकता का अनुभव किया । वह कम्पनी को इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बाज़ार में अग्रणी बनाना चाहता था ।

निखिल को पता था कि उसकी महत्त्वाकांक्षी परिकल्पना को प्राप्त करने के लिए उसे एक सुस्पष्ट तथा पूर्णतः स्पष्ट योजना की आवश्यकता थी जो कम्पनी के व्यवसाय की विस्तृत रूपरेखा प्रदान करे । उसकी टीम ने उभरती प्रवृत्तियों, ग्राहकों की पसंद तथा संभावित प्रतियोगियों को उजागर करने के लिए विस्तृत बाज़ार सर्वेक्षण किया । इसके आधार पर दीर्घकाल में कम्पनी की दिशा तथा सीमा को परिभाषित करने के लिए एक योजना तैयार की गई । योजना के क्रियान्वयन पर 'बेस्ट इलेक्ट्रॉनिक्स' दो वर्षों में ही बाज़ार का नेतृत्व करने लग गई । वह योजना जिसने 'बेस्ट इलेक्ट्रॉनिक्स' को बाज़ार में अग्रणी बनने में सहायता की थी, वह है :

(A) नीति (B) नियम

(C) रणनीति (D) कार्यविधि

**21.** (क) व्यावसायिक पर्यावरण की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 'विमुद्रीकरण' की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *3*

**22.** महाविद्यालय की पढ़ाई अक्षय ऊर्जा में विशिष्टता के साथ पूरी करने के पश्चात कनव एक सौर-ऊर्जा संयंत्र शुरू करने के लिए दृढ़-निश्चयी था । उद्यम को संयंत्र एवं मशीनरी के लिए बड़ी मात्रा में निवेश की तथा कम मज़दूरों की आवश्यकता थी । कनव ने आधुनिकतम सौर पैनल प्रौद्योगिकी तथा आधारभूत संरचना में निवेश किया तथा आधुनिकतम सौर पैनल्स, इन्वर्टर्स तथा बैटरी स्टोरेज प्रणाली क्रय की ।

अत्यधिक जोखिम तथा बहुत अधिक निवेश के बावजूद, कनव के व्यवसाय के विस्तार की अच्छी संभावनाएँ थी । विश्व स्वच्छ ऊर्जा समाधान की तरफ बढ़ रहा था तथा टिकाऊ पावर स्रोतों की माँग बढ़ रही थी । अत: अनुमानित माँग को जल्दी से पूरा करने के लिए कनव ने उच्च क्षमता का सृजन करने का निर्णय किया । इसके लिए स्थायी परिसम्पत्तियों में और निवेश की आवश्यकता हुई जिसका प्रबंध कनव ने कर लिया ।

वर्ष व्यतीत होने पर सौर-ऊर्जा संयंत्र ने बहुत अच्छा निष्पादन किया तथा शहर के हरित एवं टिकाऊ भविष्य की तरफ पारगमन में केन्द्रीय भूमिका का निर्वहन किया ।

उपर्युक्त स्थिति में चर्चित स्थायी पूँजी आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले दो कारकों की पहचान कीजिए तथा समझाइए । *3*

collegebatch.com

**20.** 'Best Electronics' is led by its visionary Chief Executive Officer, Nikhil. It has a reputation for good quality products and customer service. Nikhil recognised the need to continually innovate and provide customers with the latest products. He wanted the company to be the market leader in electronics.

Nikhil knew that to realise his ambitious vision, he needed a clear and well-defined plan that would provide broad contours of the company's business. His team conducted extensive market research to uncover emerging trends, customer preferences, and potential competitors. On its basis, a plan was prepared defining the company's direction and scope in the long run. On the implementation of the plan 'Best Electronics' became the market leader in two years. The type of plan which helped 'Best Electronics' to become the market leader was :

(A) Policy (B) Rule

(C) Strategy (D) Procedure

**21.** (a) State any three features of business environment. *3*

**OR**

(b) State any three features of 'Demonetization'. *3*

**22.** Kanav, after passing out of college with specialization in renewable energy, was determined to start a solar power plant. The venture required heavy investment in plant and machinery and less on manual labour. Kanav invested in the latest solar panel technology and infrastructure and purchased the latest solar panels, inverters and battery storage systems.

Despite the high risk and substantial investment, Kanav's business had good expansion possibilities. The world was increasingly moving towards clean energy solutions, and there was a growing demand for sustainable power sources. So, Kanav decided to create a higher capacity to meet the anticipated demand quickly. This entailed further investment in fixed assets which Kanav was able to arrange.

As the years passed, the solar power plant did very well and played a pivotal role in the city's transition towards a greener and more sustainable future.

Identify and explain the two factors affecting the fixed capital requirements discussed in the above case. *3*

collegebatch.com

**23.** 'बी बी मोटर्स' नाम की एक प्रतिष्ठित कार कम्पनी उच्च-निष्पादन वाली कारों के उत्पादन के लिए विख्यात थी । वह यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध थी कि उसके कर्मचारियों के पास नवप्रवर्तन उच्च-निष्पादन वाली कारों का निर्माण करने के लिए कौशल तथा ज्ञान था । इसे प्राप्त करने के लिए उन्होंने प्रशिक्षण का एक अद्वितीय दृष्टिकोण क्रियान्वित किया । कम्पनी ने कारखाने के एक अनुभाग को 'सीखने वाली मंज़िल' कहा जाने वाले एक अनुभाग में परिवर्तित किया । एक विशिष्ट स्थान के आबंटन द्वारा वास्तविक कार्य पर्यावरण का निर्माण किया गया । उस स्थान को जहाँ कम्पनी के कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे कारों के वैसे ही घटकों, औज़ारों और परिष्कृत कार उपकरणों की शृंखला से सुसज्जित किया गया, जिनका उपयोग फैक्टरी की मंज़िल पर किया जाता था ।

'बी बी मोटर्स' द्वारा उपयोग की गई प्रशिक्षण की उस विधि की पहचान कीजिए तथा समझाइए जिसके द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि कर्मचारियों के पास नवप्रवर्तन उच्च-निष्पादन वाली कारों के निर्माण के लिए आवश्यक कौशल तथा ज्ञान था । *3*

**24.** (क) भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड के किन्हीं तीन सुरक्षात्मक कार्यों का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) किन्हीं तीन आधारों पर 'मुद्रा बाज़ार' तथा 'पूँजी बाज़ार' में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *3*

**25.** 'वेरफेब' एक पोशाक निर्माणी कम्पनी थी जो अपने उच्च गुणवत्ता वाले फैशनेबल परिधानों के लिए जानी जाती थी । वे पिछले 23 वर्षों से फैशनेबल परिधानों के व्यवसाय में कार्यरत थे । कम्पनी पर्याप्त लाभ अर्जित कर रही थी तथा इसके फैशनेबल परिधानों की माँग अत्यधिक बढ़ रही थी । कम्पनी विस्तार कर रही थी तथा बढ़ती हुई माँग को पूरा करने के लिए इसे नई प्रतिभा को नियुक्त करने की आवश्यकता थी । उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों को नियुक्त करते हैं, एक व्यापक प्रक्रिया का अनुसरण किया ।

collegebatch.com

**23.** A renowned car company named 'BB Motors' was known for producing high performance cars. They were committed to ensure that its employees had the skills and knowledge to build these innovative high-performance cars. To achieve this, they implemented a unique approach for training. The company transformed a section of its factory into what they called the 'Learning Floor'. Actual work environment was created by allotting a specialized space. The space was equipped with a range of car components, tools and sophisticated car equipment identical to those used on the factory floor, where the company's employees would undergo their training.

Identify and explain the method of training used by 'BB Motors' to ensure that its employees had the skills and knowledge to build innovative high-performance cars. *3*

**24.** (a) State any three protective functions of Securities and Exchange Board of India. *3*

**OR**

(b) Differentiate between 'Money Market' and 'Capital Market' on any three bases. *3*

**25.** 'Verfab' was a garment manufacturing company known for its high quality fashionable clothing. They had been in the fashionable clothing business for the last 23 years. The company was earning enough profit and the demand for their fashionable clothing was rising tremendously. The company was expanding and needed to hire new talent to meet the growing demand. They followed a comprehensive process to ensure that they brought in the best candidates.

प्रक्रिया का आरम्भ आवेदनों के प्रथम चरण के मूल्यांकन से हुआ । मानव संसाधन टीम ने उपलब्ध पदों के लिए सावधानीपूर्वक प्रत्येक उम्मीदवार की योग्यताओं, अनुभव तथा उपयुक्तता की समीक्षा की । इसके द्वारा आवेदन-पत्र में दी गई सूचना के आधार पर रोज़गार चाहने वाले अयोग्य अथवा अनुपयुक्त उम्मीदवारों को निकाल दिया गया तथा 21 ऐसे उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची तैयार की गई जो बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करते थे ।

इसके पश्चात संक्षिप्त सूची वाले उम्मीदवारों को कुछ परीक्षाएँ पास करने के लिए कहा गया जो शारीरिक निपुणता से लेकर बुद्धि या व्यक्तित्व तक कुछ विशेषताओं को मापने का प्रयास करती है । इन परीक्षाओं में उनके सिलाई कौशल, विवरण के प्रति ध्यान, तथा परिधान उत्पादन संबंधी प्रक्रियाओं का आकलन सम्मिलित था ।

इनमें से ऐसे 15 उम्मीदवारों को, जिन्होंने इन परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया, डिज़ाइन टीम के वरिष्ठ स्टाफ के साथ एक विस्तृत औपचारिक चर्चा के लिए आमन्त्रित किया गया । इसके पश्चात, उपलब्ध रोजगार पदों के लिए 10 उम्मीदवार उपयुक्त पाए गए ।

क्योंकि इन 10 उम्मीदवारों ने उपर्युक्त सभी चरणों को पूरा कर लिया था, 'वेरफेब' ने उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए विवरणों की पुष्टि के लिए पूर्व नियोक्ताओं से सम्पर्क करके उनका सत्यापन किया ।

इसके पश्चात ऐसे 8 उम्मीदवार, जो भूमिकाओं के लिए सबसे उपयुक्त थे, के चयन का निर्णय लिया ।

उपर्युक्त में चर्चित विस्तृत प्रक्रिया के चरणों को सत्यापन की अवस्था तक समझाइए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कम्पनी ने फैशनेबल परिधानों की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम उम्मीदवारों को रोज़गार दिया । *4*

**26.** (क) प्रबंध की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) उच्च स्तरीय प्रबंध द्वारा निष्पादित किए जाने वाले किन्हीं चार कार्यों का उल्लेख कीजिए । *4*

**27.** किन्हीं चार आधारों पर 'अंतरण' तथा 'विकेन्द्रीकरण' में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *4*

collegebatch.com

The process began with a first-round evaluation of applications. The Human Resources team carefully reviewed each candidate's qualifications, experience and suitability for the available positions. It eliminated unqualified or unfit job seekers based on the information supplied in the application forms and shortlisted 21 candidates who met the basic requirements.

The shortlisted candidates were then asked to take a series of tests that attempted to measure certain characteristics of individuals, ranging from manual dexterity to intelligence to personality. These tests included assessments of their sewing skills, attention to detail, and knowledge of garment manufacturing processes.

15 candidates who performed well in the tests were invited for a formal in-depth conversation with the senior staff from the design team. Thereafter, 10 candidates were found suitable for the job position available.

Since these 10 candidates had cleared all the above steps, 'Verfab' conducted verification by contacting their previous employers to confirm the details the candidates had provided.

Thereafter, a decision was made to choose 8 candidates who were best fitted for the roles.

Explain the steps of the comprehensive process discussed above till the verification stage, to ensure that the company brought in the best candidates to meet the growing demand for fashionable clothing. *4*

**26.** (a) State any four characteristics of management. *4*

**OR**

(b) State any four functions performed by Top Level Management. *4*

**27.** Differentiate between 'Delegation' and 'Decentralisation' on any four bases. *4*

collegebatch.com

**28.** (क) समझाइए कि निम्नलिखित कारक एक व्यवसाय की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता को कैसे प्रभावित करते हैं : *4*

(i) प्रचालन कार्यकुशलता

(ii) लिया गया उधार

**अथवा**

(ख) समझाइए कि निम्नलिखित कारक एक कम्पनी की पूँजी संरचना के चयन को कैसे प्रभावित करते हैं : *4*

(i) लचीलापन

(ii) समता की लागत

**29.** पीयूष, जूता बनाने वाली एक कम्पनी 'कमफर्टी' का उत्पादन प्रबंधक है । उसके अधीन उसके विभाग में 1000 कामगार कार्यरत हैं । पीयूष ने 300 जोड़ी पुरुष जूतों का ₹ 500 प्रति जोड़ा अनुमानित लागत मूल्य जमा 20% लाभ उपांत पर एक विशिष्ट आदेश बुक किया । इस आदेश की पूर्ति 10 दिनों के अंदर करनी थी । आदेश पूरा होने के पश्चात, पीयूष को ज्ञात हुआ कि जूतों के एक जोड़े की उत्पादन लागत ₹ 700 थी । उसने इसका कारण पता लगाने की कोशिश की परन्तु वह पता नहीं लगा पाया । उसने इसकी सूचना मुख्य कार्यकारी अधिकारी को दी । इसके लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अभय, जो न केवल एक विशिष्ट लागत लेखापाल था, अपितु एक योग्य मानव संसाधन प्रबंधक भी था, की नियुक्ति की । दो दिनों के पश्चात, अभय ने रिपोर्ट दी कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति केवल 800 कामगारों द्वारा की जा सकती थी । इससे यह प्रकट हुआ कि संगठन में कर्मचारियों की अधिकता थी । संगठन मानव संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग नहीं कर रहा था जिसके कारण मज़दूरी लागत बढ़ गई ।

उपर्युक्त स्थिति प्रबंध के एक महत्त्वपूर्ण कार्य पर प्रकाश डाल रही है । *4*

(i) उपर्युक्त में चर्चित प्रबंध के कार्य की पहचान कीजिए ।

(ii) उपर्युक्त (i) में पहचाने गए कार्य के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए ।

collegebatch.com

**28.** (a) Explain how the following factors affect the working capital requirement of a business : *4*

(i) Operating efficiency

(ii) Credit availed

**OR**

(b) Explain how the following factors affect the choice of capital structure of a company : *4*

(i) Flexibility

(ii) Cost of equity

**29.** Piyush is the Production Manager of a shoe company 'Comforty'. He has 1000 workers under him in his department. Piyush booked a special order for 300 pairs of gents shoes at an estimated cost price of ₹ 500 per pair plus a 20% profit margin. This order is to be completed within 10 days. After completion of the order, Piyush found out that the production cost of one pair of shoes was ₹ 700. He tried to find out the reason but he couldn't. He reported it to the Chief Executive Officer. For this the Chief Executive Officer appointed Abhay, who was not only a specialized Cost Accountant, but also a qualified Human Resource Manager. After two days, Abhay reported that the set target could have been completed by only 800 workers. This revealed that there was overmanning in the organization. The organization was not utilizing the human resources optimally which had led to high labour cost.

The above case highlights an important function of management. *4*

(i) Identify the function of management discussed above.

(ii) State any three points of importance of the function identified in (i) above.

collegebatch.com

**30.** बहुत शोध के पश्चात अनुज ने अपने लिए एक भव्य/आलीशान घर बनाने के लिए 'एस एस डेवलपर्स' को ₹ 2 करोड़ का अग्रिम भुगतान किया । उन्होंने 18 महीनों में प्रोपर्टी सौंपने का वादा किया । 18 महीनों के पश्चात, अनुज ने डेवलपर को बहुत बार प्रोपर्टी सौंपने के लिए कहा परन्तु उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी । अनुज को ज्ञात हुआ कि 'एस एस डेवलपर्स' उसे प्रोपर्टी सौंपने की स्थिति में नहीं था । अनुज ने ब्याज सहित अपना धन वापस करने के लिए कहा, जिसे 'एस एस डेवलपर्स' ने मना कर दिया । अनुज अपनी शिकायत के साथ उपभोक्ता न्यायालय गया ।

(i) अनुज किस शिकायत निवारण एजेंसी के पास गया ?

(ii) ऐसी किन्हीं तीन राहतों का उल्लेख कीजिए जो अनुज को प्राप्त हो सकती हैं, यदि उपभोक्ता न्यायालय शिकायत से संतुष्ट है । *4*

**31.** (क) वैज्ञानिक प्रबंध की निम्नलिखित तकनीकों को समझाइए : *6*

(i) समय अध्ययन

(ii) विभेदात्मक पारिश्रमिक प्रणाली

(iii) गति अध्ययन

**अथवा**

(ख) प्रबन्ध के सिद्धान्तों की निम्नलिखित विशेषताओं को समझाइए : *6*

(i) सामान्य मार्गदर्शन

(ii) मुख्यत: व्यावहारिक

(iii) व्यवहार एवं शोध द्वारा निर्मित

**30.** Anuj, after a lot of research, paid 'SS Developers' an advance of ₹ 2 crore to build a lavish house for him. They promised to deliver the property within 18 months. At the end of 18 months, Anuj asked for the delivery of the property many times but the developer did not respond. Anuj realized that 'SS Developers' was not in a position to hand over the property to him. Anuj asked for a refund of the money with interest, which 'SS Developers' refused. Anuj approached the consumer court with his complaint.

(i) Which grievance redressal agency had Anuj approached ?

(ii) State any three reliefs Anuj is likely to get, if the consumer court is satisfied with the complaint. *4*

**31.** (a) Explain the following techniques of Scientific Management : *6*

(i) Time study

(ii) Differential piece wage system

(iii) Motion study

**OR**

(b) Explain the following features of principles of management : *6*

(i) General guidelines

(ii) Mainly behavioural

(iii) Formed by practice and experimentation

**32.** अतुल शर्मा एक फुटवियर कम्पनी 'स्टेपवन फुटवियर' का मुख्य कार्यकारी अधिकारी था। कम्पनी सभी आयु वर्गों के लिए नवीन तथा आरामदायक फुटवियर का उत्पादन करती थी। अतुल शर्मा सूक्ष्म नियोजन के लिए जाना जाता था। वह यह सुनिश्चित करता था कि कम्पनी के लक्ष्य तथा उद्देश्यों का स्पष्टता से उल्लेख हो ताकि वे क्या कार्य करना है तथा किस दिशा में करना है, के विषय में दिशा-निर्देश दे सके। प्रत्येक मौसम से पूर्व, 'स्टेपवन फुटवियर' बाज़ार प्रवृत्तियों, ग्राहक पसंद तथा उत्पादन कार्यक्रमों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करती है। यह विश्लेषण कम्पनी को आगे देखने, परिवर्तनों का पूर्व अनुमान लगाने तथा, जहाँ आवश्यक हो, प्रबंधकीय प्रतिक्रियाओं का विकास करने के योग्य बनाता है। परिणामस्वरूप, वे बाज़ार को नियमित रूप से नवीन एवं आरामदायक जूतों का वितरण करने योग्य बने रहे।

एक मौसम में अचानक पर्यावरण-हितैषी जूतों की माँग में उछाल आया। 'स्टेपवन फुटवियर' ने वर्ष के लिए अपने उत्पादन की योजना पहले से ही तैयार कर ली थी ताकि विशिष्ट लक्ष्यों को विशिष्ट समय सीमा में प्राप्त किया जा सके। परिवर्तित परिस्थितियों के अनुसार योजना में परिवर्तन के लिए 'स्टेपवन फुटवियर' के प्रबंधकों के पास लचीलापन नहीं था। जूतों की एक अन्य कम्पनी 'इको स्टेप' ने तुरन्त इसे अपनाया तथा आरामदायक पर्यावरण-हितैषी जूतों का उत्पादन आरम्भ किया। शीघ्रता से परिवर्तित हुए बाज़ार के अनुसार समायोजित न होने के कारण, 'स्टेपवन फुटवियर' को इंवेंट्री आधिक्य का सामना करना पड़ा जबकि 'इको स्टेप' टिकाऊ पर्यावरण-हितैषी फुटवियर में एक बाज़ार अग्रणी के रूप में उभरा।

उपर्युक्त अनुच्छेद से पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए, उपर्युक्त स्थिति में चर्चित प्रबंध के 'नियोजन' कार्य के दो लाभ तथा दो सीमाओं को पहचानिए एवं समझाइए। *6*

**32.** Atul Sharma was the Chief Executive Officer of a footwear company, 'Stepone Footwear'. The company manufactured innovative and comfortable footwear for all age groups. Atul Sharma was known for meticulous planning. He ensured that the goals and objectives of the company are clearly stated so that they act as a guide for deciding what action should be taken and in which direction. Before each season, 'Stepone Footwear' carefully analysed market trends, customer preferences and production schedules. This analysis enabled the company to look ahead and anticipate changes and develop managerial responses, wherever necessary. As a result, they were able to consistently deliver innovative and comfortable shoes to the market.

During one season, there was a sudden surge in demand for eco-friendly shoes. 'Stepone Footwear' had already planned their production for the year with specific goals to be achieved within a specific time frame. The managers of 'Stepone Footwear' did not have the flexibility to change the plan to cope with the changed circumstances. Another shoe company 'Eco Step' quickly adapted and started manufacturing comfortable eco-friendly shoes. By not being able to adjust to the rapidly changing market, 'Stepone Footwear' faced inventory surplus while 'Eco Step' emerged as a market leader in sustainable eco-friendly footwear.

Quoting lines from the above paragraph, identify and explain two benefits and two limitations of 'Planning' function of management discussed in the above case. *6*

collegebatch.com

**33.** आयुष तथा रिआ टिकाऊ कृषि तथा स्वस्थ रहन-सहन के प्रति भावुक थे । वे जैविक उत्पाद बेचने वाला एक व्यवसाय शुरू करना चाहते थे । उनके पास ग्रामीण क्षेत्र में एक छोटा-सा फार्म था जहाँ उन्होंने ताज़े जैविक उत्पाद तथा जड़ी-बूटियाँ उगाना आरंभ किया ।

शुरू में उन्हें अपने जैविक उत्पादों के विपणन में चुनौतियों का सामना करना पड़ा । उन्होंने अनुभव किया कि एक प्रतियोगी बाज़ार में उपस्थिति बनाए रखने के लिए एक बेहतर प्रस्तुति तथा दृढ़ पहचान की आवश्यकता थी ।

उन्होंने व्यवसाय को 'अर्दी स्टोर' का नाम दिया, जो उत्पादों के लाभों तथा गुणवत्ता की ओर संकेत करता था तथा व्यावसायिक टिकाऊपन के मूल्यों तथा स्वास्थ्य के विषय में प्रतिबिंबित करता था । उन्होंने एक 'लोगो' का चयन किया जिसमें प्रकृति के तत्त्व सम्मिलित थे तथा उन्होंने अपनी जैविक प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया । अपने उत्पादों को कूरियर द्वारा ग्राहकों को भेजने के लिए उन्होंने पर्यावरण-हितैषी प्राकृतिक तरीके से जैव-निम्नीकरणीय थैले तथा पुन: प्रयोग योग्य पात्र डिज़ाइन तथा विकसित किए । उन्होंने प्रत्येक थैले में हस्तलिखित टिप्पणियाँ सम्मिलित करके व्यक्तिगत भाव/स्पर्श भी जोड़े ।

उन्होंने प्रत्येक वस्तु के जैविक प्रमाण-पत्र, पोषण लाभों, उत्पादन तिथि, समाप्ति तिथि, आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए भी उत्पाद नाम-पत्र (स्टिकर) डिज़ाइन एवं विकसित किए । उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इस प्रकार विकसित किए गए नाम-पत्रों को थैलों तथा पुन: प्रयोग योग्य पात्रों पर लगा दिया गया ।

संभावित ग्राहकों को अपने उत्पादों के बारे में सूचित करने तथा इन्हें खरीदने के लिए प्रेरित करने के लिए 'अर्दी स्टोर' ने एक उपयोगकर्ता-हितैषी वेबसाइट का सृजन किया एवं मीडिया में प्रबल उपस्थिति स्थापित की । कुछ महीनों में ही उन्होंने एक निष्ठावान ग्राहक आधार का निर्माण कर लिया जिसके कारण प्रतियोगी पर्यावरण में भी वे लाभ कमा पाए । एक वर्ष में ही, वे स्थानीय किराना स्टोर तथा जलपानग्रहों से अनुबंध करने में सफल हुए ।

उपर्युक्त अनुच्छेद से पंक्तियाँ उद्धृत करते हुए, उपर्युक्त स्थिति में चर्चित विपणन के तीन कार्यों को पहचानिए एवं समझाइए । *6*

**34.** (क) 'प्रशिक्षण' का अर्थ बताइए । प्रशिक्षण की निम्नलिखित विधियों को समझाइए : (i) प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण, (ii) स्थानबद्ध प्रशिक्षण *6*

**अथवा**

(ख) प्रबंध के 'निदेशन' कार्य के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए । *6*

**33.** Ayush and Rhea were passionate about sustainable agriculture and healthy living. They wanted to start a business selling organic produce. They had a small farm in a rural area where they began growing fresh organic produce and herbs.

In the beginning, they faced challenges in marketing their organic products. They realized that their high quality produce needed better presentation and a strong identity to stand out in a competitive market.

They named the business 'Earthy Store' which indicated the products' benefits and qualities and reflected the values of the business — sustainablility and health. They chose a 'logo' that incorporated elements of nature and used earthy colours to convey their organic commitment. They designed and developed eco-friendly biodegradable bags and reusable containers to courier their products to the customers. They also added personal touch by including handwritten notes in each bag.

They also designed and developed product stickers with detailed information about organic certification, nutritional benefits, date of manufacture, date of expiry, etc. The stickers so developed were put on the bags and reusable containers for customers convenience.

'Earthy Store' created a user-friendly website and established strong media presence to inform potential customers about their products and persuading them to buy the same. Within a couple of months, they had built a loyal customer base which made them earn profits even in a competitive environment. In a year, they were able to secure contracts with local grocery stores and restaurants.

Quoting lines from the above paragraph, identify and explain the three functions of marketing discussed in the above case. *6*

**34.** (a) Give the meaning of 'Training'. Explain the following methods of training : (i) Apprenticeship Training, (ii) Internship Training *6*

**OR**

(b) Explain any four points of importance of 'Directing' function of management. *6*